तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 18.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




## खबर संक्षेप

### मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ की बैठक कल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ की रायपुर में हुई बैठक में प्रदेश, जिला, एवं ब्लाक अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से 3 दिसंबर से रायपुर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। बिल्हा ब्लाक सचिव कन्हैया लाल सूर्यवंशी ने बताया कि इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए 9 नवंबर को शासकीय हाई स्कूल खैरा- डगनिया में सुबह 11 बजे से बैठक रखी गई है। इसमें सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### जूना बिलासपुर व्यापारी संघ का दीपावली मिलन कल

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर व्यापारी संघ का दीपावली मिलन का कार्यक्रम 9 नवंबर रविवार को शाम 6 बजे से पूज्य सिंधी पंचायत जूना बिलासपुर भवन में रखी गई है। इस दीपावली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायता रामगोपाल करियारे, विशिष्ट अतिथि संजय कुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक होंगे। कार्यक्रम को और आकर्षण बनाने के लिए गीत संगीत एव चुटकुले, मनोरंजक खेल, मौखिक प्रशिक्षण शिविर पुरस्कार वितरण, भाग्यशाली ड्रा, नए सदस्य का सम्मान आदि रखा गया है।

### विमर्श- विषयक दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी कल

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का 25 वां राष्ट्रीय अधिवेशन- आम- सभा एवं विकलांग- विमर्श- विषयक द्वि- दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 9 एवं 10 नवंबर को गीतादेवी- रामचंद्र अग्रवाल विकलांग अस्पताल अनुसंधान एवं निशुल्क सेवा केंद्र सीपतरोड कोनी- बाईपास, मोपका के सभागार में आयोजित होगा। जिसमें लगभग 6 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### आरक्षक ट्रेडमेन व चालक भर्ती, ट्रेड टेस्ट 17 से

**बिलासपुर।** जिला पुलिस बल में आरक्षक चालक एवं आरक्षक ट्रेडमेन के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए 17 से 19 नवम्बर तक ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया गया है। पूर्व में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण एवं लिखित परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को इस टेस्ट के लिए बुलाया गया है। सीधी भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए आयोजित यह टेस्ट संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में 17 नवम्बर से शुरू होगा। बिलासपुर सहित कोरबा एवं जीपीएम जिले के लिए आरक्षक चालक एवं ट्रेडमेनों की भर्ती इसमें की जाएगी।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन 21 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी अंतर्गत ग्राम बहतरा के आंगनबाड़ी केंद्र बहतरा 1 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त 1 पद पर 21 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### सीयू सोशल वर्क के छात्रों की शिकायत

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सोशल वर्क डिपार्टमेंट के कुछ छात्र शुक्रवार को शिकायत लेकर प्रशासनिक भवन पहुंचे थे। यूनिवर्सिटी के कुलपति एवं रजिस्ट्रार दोनों बाहर थे इसलिए छात्रों ने यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर प्रो. एमके सिंह के समक्ष अपनी बात रखते हुए ज्ञापन सौंपा है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सोशल वर्क डिपार्टमेंट के छात्र आज यूनिवर्सिटी प्रशासन के पास अपनी समस्या, शिकायत लेकर पहुंचे थे।

# दो लाख शिक्षकों की नौकरी पर तलवार, दो साल में पास करनी होगी पात्रता परीक्षा

- कक्षा 1 से 8 तक के सभी शिक्षकों के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य
- जिन शिक्षकों की सेवा 5 साल से कम बची है, उन्हें टीईटी पास करने से छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




शिक्षक बनने के लिए अब पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करनी जरूरी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि कक्षा 1 से 8 तक के सभी शिक्षकों के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य है। पहले से कार्यरत शिक्षकों को यह परीक्षा पास करने के लिए 2 साल का समय दिया गया है, जिसके बाद उन्हें पदोन्नति या सेवा जारी रखने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना होगा। ऐसा नहीं करने पर या तो उन्हें इस्तीफा देना पड़ सकता है या वे सेवानिवृत्त हो सकते हैं। इसके साथ ही जिन शिक्षकों की सेवा 5 साल से कम बची है, उन्हें टीईटी पास करने की छूट दी गई है, लेकिन पदोन्नति के लिए उन्हें यह परीक्षा पास करनी होगी। अब सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से छग के करीब दो लाख शिक्षकों को नौकरी जाने का डर सताने लगा है।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूर्ण और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने उत्तर प्रदेश कानपुर के सहायता प्राप्त ज्वाला प्रसाद तिवारी जूनियर हाई स्कूल के शिक्षक उमाकांत और एक अन्य याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।

अलग खबर

### सरकार से की कदम उठाने की मांग

उच्चतम न्यायालय के इस फैसले के बाद छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की ओर से कहा गया है कि सरकार को इस संबंध में विश्लेषण करते हुए जल्द ही उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करनी चाहिए, जिससे कार्यरत शिक्षकों का अहित न हो। साथ ही कहा गया है कि यदि सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय के अनुसार कार्यरत शिक्षकों को 2 वर्ष के भीतर शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य हो, तो सरकार को इन 2 वर्षों में कम से कम 6 बार कार्यरत शिक्षकों के लिए अलग से विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन करना चाहिए, ताकि सभी कार्यरत शिक्षक पात्रता परीक्षा पास हों। इससे उच्चतम न्यायालय के निर्णय का क्रियान्वयन भी जाएगा और किसी भी शिक्षक की सेवा पर भी आंच नही आएगी।

### एससीईआरटी तैयार करे पाठ्यक्रम

शिक्षक संघों की ओर से सुझाव दिया है कि एससीईआरटी शिक्षक पात्रता परीक्षा के पाठ्यक्रम की समीक्षा करके विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए कार्यरत शिक्षकों के अनुकूल पाठ्यक्रम तैयार करे। पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयारी के लिए माड्यूल बनाकर कार्यरत शिक्षकों की ऑनलाइन मोड में परीक्षा की तैयारी एससीईआरटी द्वारा करवाई जाए। इसमें शिक्षक संगठन भी सहयोग करेंगे।

### अब तक 9 बार हो चुकी है पात्रता परीक्षा

गौरतलब है कि प्रदेश में अभी तक 2011, 2013, 2014, 2016, 2017, 2018, 2019 , 2022 में टीईटी परीक्षा हो चुकी है। एक बार परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद इसकी वैधता आजीवन रहेगी। फरवरी 2026 में फिर से परीक्षा होनी है। इस बार हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, फिजिकल साइंस, केमिकल साइंस, मैथेमेटिकल साइंस, लाइफ साइंस, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन, वाणिज्य, विधि, संस्कृत, मनोविज्ञान, लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस, फिजिकल एजुकेशन और होमसाइंस जैसे मूल विषयों समेत 30 विषयों में परीक्षा आयोजित कराने का प्रस्ताव है।

## 95 लाख रुपए का टेंडर भी अब तक 4 बार निरस्त, नया टेंडर जारी

# मच्छर काटा तो सभापति नाराज, निगम कमिश्नर से मांगा फागिंग का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में 6 महीने से फागिंग और लार्वा कंट्रोंल का छिड़काव बंद है और निगम इसके लिए टेंडर में उलझा है। लोग मच्छरों और गंदी नालियों से परेशान हैं तो निगम चहेते लोगों का काम देने पर अड़ा है। यही नहीं इसके लिए किया गया 95 लाख रुपए का टेंडर भी 4 बार निरस्त करते हुए नए सिरे से टेंडर जारी किया है। निगम के मुताबिक टेंडर डालनी वाली कंपनियों के पास दस्तावेजों में कमी थी इसलिए सभी को डिस्क्वालीफाई कर दिया गया है। फिर से नए सिरे से टेंडर जारी किया जाएगा। इधर अब निगम के सभापित विनोद सोनी को भी मच्छरों ने काट लिया है। नाराज सभापति ने निगम आयुक्त और स्वास्थ्य अधिकारी से फांगिंग और मच्छर रोधी पर खर्च की जा रही राशि का हिसाब मांग लिया है। इसके लिए दोनों अधिकारियों को सभापति की ओर से पत्र भी जारी किया गया है। सभापति ने पत्र में यह भी लिखा है कि फागिंग सिर्फ वीआईपी इलाकों तक ही क्यों सीमित है।

ज्ञात हो कि लार्वा कंट्रोल के लिए हर साल ठेका होता है। इसके तहत हर महीने दो लाख 79 हजार रुपए खर्च नाले-नालियों में दवा का छिड़काव किया जाता है। इसी तरह मौजूदा स्थिति में निगम की 10 फागिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इसका एक दिन का खर्च 13 हजार 500 रुपए आता है। इधर निगम का दावा है कि निजी कंपनियों को काम देने से निगम का खर्चा भी कम होगा और ठीक से मानिटरिंग भी हो सकेगी। फागिंग और लार्वा मिलाकर ठेका कंपनी 95 लाख रुपए लेगी। इससे डीजल चोरी नहीं होगी और लार्वा छिड़काव ठीक से हो सकेगा।

### शहर में छह महीने से फागिंग लार्वा कंट्रोंल का छिड़काव बंद



### फागिंग मशीन देखे महीनों हो गए

फिलहाल निगम का फागिंग अमला नेताओं और अधिकारियों के घरों तक सीमित है। मोहल्लों में तो फागिंग मशीन देखे महीनों हो गए। दूसरी ओर मच्छर पर नियंत्रण के लिए लाखों रुपए के डीजल-पेट्रोल खर्च कर फॉगिंग कराने का दावा किया जा रहा है। यह कागजों में जरूर है। इन मशीनों में दवाइयां नहीं डाली जा रही हैं। शहर में ऐसा कोई घर नहीं, जिनके बजट में मच्छररोधी उपाय की खरीदी शामिल न हो।

### मांगा गया खर्च का हिसाब

मच्छरों की संख्या बढ़ी है। इसका कारण सफाई नहीं होना और फागिंग नहीं होना है। इसलिए ही निगम आयुक्त और निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र भेज कर शहर में मच्छरों के दंश से बचाने किए जा रहे उपाय और खर्च का पूरा ब्यौरा मांगा गया है।

**- विनोद सोनी**
निगम सभापति

### सफाई नहीं होने से मच्छरों की फौज बढ़ी



ध्यान रहे कि राज्य शासन ने केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर सड़कों की सफाई और धुलाई का ठेका दिल्ली की लॉयन सर्विसेज को दे रखा है। इसके साथ ही नाले-नालियों की सफाई दूसरे ठेके पर की जा रही है। निगम के स्वास्थ्य महकमे ने 25 लाख रुपए में 5 ठेकेदारों के 220 श्रमिकों नाले-नालियों की सफाई का जिम्मा तो दे दिया, लेकिन सफाई हो नहीं रही है। नाले-नालियां भरी पड़ी हैं, जिसके चलते मच्छरों की संख्या बढ़ती जा रही है। दरअसल सफाई नहीं होने की वजह से नाले-नालियां में मच्छर अंडे दे रहे हैं, जिससे मच्छरों की फौज बढ़ती जा रही है।



# बंद पेपर मिल के अंदर हरे-भरे पेड़ों पर चला दी कुल्हाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ढेका गांव में बंद पड़ी पेपर मिल के अंदर हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है, जिसके बावजूद वन विभाग की टीम बेखबर है। इस स्थान पर पेड़ों की कटाई करने के बाद रात के अंधेरे में लकड़ियों को बाहर बेचने का काम भी हो रहा है। लालखदान के आगे ढेंका गांव में एगियो पेपर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड काफी दिनों से बंद पड़ी हुई है। पेपर मिल के भीतर और आसपास अवैध पेड़ों की कटाई खुलेआम की जा रही है। दिन में मशीनें और कुल्हाड़ी को हरे-भरे पेड़ों पर चलाने के बाद रात होते ही लकड़ियों के ठूंठ को ट्रैक्टरों में भरकर बाहर बेचने भेज दिया जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पेड़ों की कटाई का काम कई दिनों से किया जा रहा है। इसकी जानकारी वन विभाग बिलासपुर के अफसरों को भी देने के साथ वीडियो बनाकर भी दिया गया है। इसके बावजूद अब तक वन मंडल बिलासपुर के अफसरों ने किसी प्रकार की कोई भी कार्रवाई नहीं की है।






### कार्रवाई करने कहा गया

जिस क्षेत्र में पेड़ों के कटाई की सूचना मिली है वह राजस्व की भूमि है। हरे-भरे पेड़ों को काटना वन अधिनियम के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। राजस्व या वन भूमि का क्षेत्र पेड़ों की कटाई के लिए अनुमति आवश्यक है। इसके बाद भी वन मंडल बिलासपुर के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी और उड़नदस्ता की टीम को मौके पर जाकर कार्रवाई करने का आदेश दे दिया गया है।

**- शुभम मिश्रा**
बिलासपुर वन मंडल रेंज अफसर

# अक्टूबर 2023 के पूर्व जन्मे बच्चे का आधार बनाने ऑनलाइन बर्थ सर्टिफिकेट जरूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अक्टूबर 2023 के पूर्व जन्म लेने वाले बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए अब ऑनलाईन बर्थ सर्टिफिकेट प्रस्तुत की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। पालकों के द्वारा प्रस्तुत मैनुअल पद्धति से जारी सर्टिफिकेट भी मान्य रहेंगे। सरकार द्वारा जन्म-मृत्यु अधिनियम में आंशिक संशोधन किया गया है, जिसका संशोधित पोर्टल महारजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा जारी कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ में अब जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र ऑनलाईन बनाया जाना अनिवार्य किया गया है, लेकिन अक्टूबर 2023 के पूर्व जन्म लेने वाले बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए माता-पिता को ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की बाध्यता से बाहर रखा गया है। भारत के महारजिस्ट्रार द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम का वर्ष 2023 में संशोधन करते हुए संशोधित ऑनलाईन पोर्टल लॉन्च किया गया है। जिसके माध्यम से राज्य में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र ऑनलाईन बनाए जा रहे हैं। संशोधन के अनुसार अक्टूबर 2023 के बाद जन्म लेने वाले बच्चों की जन्म तिथि प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र को ही एकमात्र वैध आधार माना गया है। इस तिथि के पूर्व जन्म लेने वाले बच्चों के मामलों में अन्य वैकल्पिक दस्तावेज भी जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मान्य रहेंगे।

- जन्म-मृत्यु अधिनियम में संशोधन
- महारजिस्ट्रार आफिस दिल्ली से संशोधित पोर्टल लांच


पोर्टल में उक्त तिथि के पूर्व जन्म लेने वाले बच्चों का मैनुअल पद्धति से तैयार बर्थ सर्टिफिकेट को ऑनलाईन करने का प्रावधान भी पोर्टल में उपलब्ध है। इससे पुराने प्रमाण पत्र भी डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित किए जा सकेंगे। राज्य में वर्तमान में पोर्टल पूरी तरह से तकनीकी एवं सुचारू रूप से संचालित है। पोर्टल लांच करने के शुरूआती दौर में कुछ तकनीकी कठिनाइयाँ आ रही थीं, जिन पर भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय दिल्ली द्वारा समाधान कर दिया गया है।

### आनलाइन सर्टिफिकेट अनिवार्य नहीं

वर्ष 2023 के पूर्व जन्म लेने वाले बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए पालकों को अब ऑनलाईन बर्थ सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं होगा।

**- अतुल कुमार पटेल**
सहायक संचालक योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

# अरपा में मिली अधिवक्ता की लाश, देर रात तक हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शुक्रवार की रात 9 बजे पुल पर खड़े होकर मोबाइल से तस्वीरें ले रहे युवाओं को अरपा की तेज धार में बहता हाथ दिखने से हंगामा मच गया। देर रात तक एसडीआरएफ की टीम ने लाश को नदी से बाहर निकाला। उक्त लाश भाटापारा से आकर शहर के मंगला में रह रहे एक हाईकोर्ट अधिवक्ता की है।



- एसडीआरएफ की टीम ने देर रात नदी से लाश बाहर निकाला

प्राप्त जानकारी के अनुसार हर रोज की तरह शुक्रवार की रात 9 बजे के बाद रिवर व्यू और अरपा के पुलों पर युवकों का जमावड़ा लगा हुआ था। कुछ युवक मोबाइल से तस्वीरें ले रहे थे, इस दौरान उन्हें नदी की तेज धार में किसी व्यक्ति का हाथ दिखाई दिया। इससे पुल में हंगामा मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी। इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवकों से जानकारी लेकर पुलिस ने लाश बाहर निकालने की कवायद शुरू की। देर रात एसडीआरएफ की टीम ने भारी मशक्कत के बाद लाश बाहर निकाला। उसके बाद पंचनामा कर पहचान की कार्रवाई की गई। सिटी कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि उक्त लाश हाईकोर्ट अधिवक्ता राहुल अग्रवाल की है।

जानकारी के अनुसार मूलतः भाटापारा के रहने वाले अधिवक्ता राहुल अग्रवाल पिछले सात सालों में मंगला में रहकर हाईकोर्ट में वकालत कर रहे थे। गुरुवार की रात वे अपने एक दोस्त की शादी में मोपका गए हुए थे। उसके बाद रात 12 बजे से उनकी कार अरपा पुल के बीचोंबीच खड़ी थी। उक्त कार को लावारिस हालत में खड़े देख कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी, रात तीन बजे पुलिस कार को उठाकर थाने ले गई। इधर अधिवक्ता की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी लिखाई गई। अरपा में लाश दिखने की सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई। अरपा में लाश उस स्थान के नीचे दिखी, जिस स्थान पर पुल के ऊपर कार खड़ी थी, इससे यह आशंका जताई जाने लगी कि लाश अधिवक्ता की ही है। लाश मिलने के बाद अधिवक्ता के दोस्तों ने कपड़ों के आधार पर उनकी पहचान की।

## केवायसी के लिए घर-घर जा रहा कृषि विभाग का अमला

# आवेदन देकर गायब हुए 3 हजार हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पाने के लिए आवेदन देने वाले जिले के 3 हजार 30 हितग्राही ऐसे हैं, जो आवेदन करने के बाद अचानक गायब हो गए हैं। केवायसी अपडेट नहीं होने के कारण उनका भुगतान तो रूका ही है, वहीं सरकारी रिकार्ड में इतने हितग्राहियों का भुगतान पेंडिंग दिखा रहा है। ऐसे में इनका केवायसी कराने के लिए अब कृषि विभाग के अमले को उनका पता लगाकर घरोंघर जाना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन करने के बाद अचानक गायब हो जाने वालों ने कृषि विभाग की परेशानी बढ़ा दी है। जिले में आज की दशा में 3 हजार 30 हितग्राही ऐसे हैं, जिन्होंने न तो अपना केवायसी अपटेड किया है, और न ही उनकी इस कार्य में दिलचस्पी है। दिक्कत यह है कि जिले की सूची में इतने आवेदक केवायसी के लिए पेंडिंग की श्रेणी में नजर आ रहे हैं, जिससे विभाग का सिरदर्द बढ़ गया है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को इस श्रेणी के हितग्राहियों का पता लगाकर उनका केवायसी अपडेट कराने की जिम्मेंदारी सौंपी गई है, ताकि प्रदेश की सूची से पेंडेंसी समाप्त हो सके। ज्ञात हो कि प्रदेश में केवायसी अपडेट नहीं कराने वालों की सर्वाधिक 3 हजार संख्या बिलासपुर जिले में ही है।

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का मामला

### डीबीटी नहीं होने से रूका 22 सौ हितग्राहियों का भुगतान

जिले में 22 सौ हितग्राही ऐसे भी हैं, जिनके बैंक अकाउंट से आधार लिंक नहीं होने के कारण भुगतान रूक गया है। ऐसे हितग्राहियों को भी चिन्हांकित करते हुए विभाग के जमीनी स्तर के कर्मचारियों को मौके पर भेजकर डीबीटी कराने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि ऐसे हितग्राहियों की संख्या 1 लाख 13 हजार के करीब थी, जिनमें से 1 लाख 11 हजार के करीब हितग्राहियों का डीबीटी कर लिया गया है। शेष बचे हितग्राहियों का डीबीटी भी जल्द होने का प्रयास किया जा रहा है।

### जल्द समाप्त होगी पेंडेंसी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जिन हितग्राहियों का केवायसी एवं डीबीटी नहीं हो सका है, उनका पता लगाकर विभाग के जमीनी स्तर के कर्मचारियों को घर भेजकर केवायसी व डीबीटी कराया जा रहा है। जल्द ही पेंडेंसी समाप्त हो जाएगी।

**- पीडी हथेश्वर**
डीडीए बिलासपुर


Powered by
DCT Real Estate Developers Bilaspur (c.g.)
प्रॉपर्टी मतलब DCT
ISO 9001- 2015 Certified
Banking Partner
SBI
FORTUNE
ELEMENTS
Presents
CREDAI
BILASPUR
आपने ADDRESS CHANGE कराया क्या?
CREDAI PROPERTY EXPO 2025
7, 8 & 9 NOV 2025
KUNDAN PALACE, SHRIKANT VERMA MARG, BILASPUR
आज MISS किया
तो कल पछताएंगे
जो CREDAI एक्सपो में
आज और कल नहीं आयेंगे
Concept & Design @ AdPRAYAS
ये हैं विशेष बस 2 दिन शेष
प्रॉपर्टी बुकिंग पर ई-स्कूटर जीतने का मौक़ा
एक्सपो विज़िट पर हर घंटे चाँदी का सिक्का जीतने का मौक़ा
Stalls
of Best in Class Building Material Vendors
30+
Housing & Commercial Projects with Best Deals
ई-स्कूटर से लेकर एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित 3 लाख तक के इनाम
Bathcare Partner
Jaquar
BATHROOM
PARTICIPATING BRAND
CITYWALK
DRS
High Street
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
GK Group
Shree Balaji Doors & Ply
NIRVANA HOMES
SIGNATURE VILLA PLOTS
ASA
SOLITAIRE
Vijaya श्री Heritage
ATLANTIC
IMPERIAL TOWER
FORTUNE Infra
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS
GEETANJALI ERA
OoWah
EV ka All Rounder
Swarna Shikhar
USHA VALLEY
SWARNIMA ERA
WallingCo
वृंदावन ग्रीन्स
VRINDAVAN INFRA ESTATES PVT.LTD.
UB WORLD
SARDAR JI
Aashiyana
AVIRAL DEVELOPERS
ARPA GREENS ROYAL
VRINDAVAN BUILDCON
KRISHNA
GWALANI GROUP
KD CONSTRUCTION
FEDERAL BANK
YOUR PERFECT BANKING PARTNER
vision vistara
Skyler
ALASKA HOMES
DHEERAA SKYLLA
CLASSIC GROUP
Bajpai Buildcon
360° INFRA SOLUTIONS
INDU
कृष्णा पुरम
Aishwaryam
Anand Vihar
CHITVAN Farm
DIWANJI
HDFC BANK
Vijay
कुदन पैलेस, श्रीकात वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.)
78980-32660

फिचर इम्पैक्ट

क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 2025

# क्रेडाई एक्सपो में सपनों के घर के लिए उमड़ी भीड़, विकास को मिली नई गति







### बिलासपुर के सुनियोजित विकास में क्रेडाई की भूमिका सराहनीय : अमर अग्रवाल, विधायक



विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर के रियल एस्टेट क्षेत्र में क्रेडाई (CREDAI) ने विकास की नई दिशा तय की है। शहर के योजनाबद्ध और आधुनिक विकास में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि क्रेडाई बिलासपुर द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पूरे अंचल के लोगों के लिए बड़ा अवसर है, जहां रेरा से अप्रूव्ड प्रोजेक्ट्स एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। इससे खरीदारों को भरोसेमंद और वैध संपत्तियाँ देखने व खरीदने का सुनहरा मौका मिला है। अमर अग्रवाल ने कहा कि अब बिलासपुर तेजी से बदल रहा है—तिफरा, चकरभाठा, कोनी जैसे क्षेत्र शहर से जुड़ रहे हैं। यह योजनाबद्ध विकास का परिणाम है, जिसमें क्रेडाई का बड़ा योगदान है। पहले शहर का विकास अव्यवस्थित था, लेकिन अब क्रेडाई ने प्लान्ड डेवलपमेंट की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली के साथ लोगों को आधुनिक और सुरक्षित आवास चाहिए, जो क्रेडाई पूरी जिम्मेदारी से उपलब्ध करा रही है। अंत में उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शी और विधिसम्मत रूप से कार्य करने वाले बिल्डर्स को हरसंभव सहयोग देगी तथा बिलासपुर के विकास में क्रेडाई के योगदान की सराहना की।

बिलासपुर ने इस सप्ताहांत रियल एस्टेट की दुनिया में एक ऐसी शाम देखी जिसने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। फॉर्च्यून एलिमेंट्स द्वारा आयोजित क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो का भव्य शुभारंभ कुंदन पैलेस, श्रीकांत वर्मा मार्ग पर बड़े उत्साह और उमंग के साथ हुआ। यह आयोजन सिर्फ एक इवेंट नहीं दिखा, बल्कि शहर के विकास, निवेश के नए अवसरों और मॉडर्न लाइफस्टाइल की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम साबित हुआ। उद्घाटन समारोह में विधायक अमर अग्रवाल, मेयर पूजा विधानी, और क्रेडाई बिलासपुर के पदाधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। दीप प्रज्वलन के साथ इस तीन दिवसीय एक्सपो की आधिकारिक शुरुआत हुई, जो 7 से 9 नवंबर तक चलेगा।

इस बार का थीम "एड्रेस चेंज कराया क्या?" काफी चर्चा में रहा। थीम ने लोगों में curiosity भी पैदा की और उन्हें अपने सपनों के नए घर की तरफ सोचने पर मजबूर भी किया। कुंदन पैलेस को इसी थीम के मुताबिक सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण एक अलग ही ऊर्जा के साथ लोगों का स्वागत कर रहा था। एक्सपो में 30 से अधिक RERA रजिस्टर्ड और TCP स्वीकृत प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। residential, commercial, affordable और premium housing समेत कई तरह के विकल्प एक ही छत के नीचे उपलब्ध थे, जिसने buyers को real-time comparison और सही निर्णय का मौका दिया। यह आयोजन बिलासपुर ही नहीं बल्कि अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर, चांपा, पेण्ड्रा-GM, जशपुर और सारंगढ़ जैसे शहरों के लिए भी निवेश और ग्रोथ का सुनहरा अवसर लेकर आया।

### क्रेडाई एक्सपो से शहर को मिला विकास का नया आयाम: महापौर पूजा विधानी



महापौर पूजा विधानी ने कहा कि क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 2025 ने बिलासपुर को विकास की नई दिशा दी है। इस भव्य आयोजन के लिए उन्होंने सभी क्रेडाई सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम शहर के सुनियोजित और आधुनिक विकास का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि एक्सपो में रेरा से अप्रूव्ड आवासीय और व्यावसायिक प्रोजेक्ट्स को एक ही मंच पर प्रस्तुत करना खरीदारों के लिए बड़ा अवसर है। इससे लोगों को भरोसेमंद संपत्तियों की जानकारी मिलेगी और सुरक्षित, व्यवस्थित आवास खरीदने का आत्मविश्वास बढ़ेगा।महापौर ने कहा कि इस आयोजन से बिलासपुर का रियल एस्टेट क्षेत्र और अधिक पारदर्शी व संगठित बनेगा। क्रेडाई के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण निर्माण और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि क्रेडाई बिलासपुर को योजनाबद्ध और स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने में अहम भूमिका निभाएगी।

### अध्यक्ष की कलम से



**सुशील पटेरिया**
अध्यक्ष, क्रेडाई बिलासपुर

क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो हमारे लिए सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि बिलासपुर में रियल एस्टेट को लेकर जागरूकता, पारदर्शिता और विश्वास स्थापित करने का एक संगठित अभियान है। हमारा उद्देश्य सिर्फ लोगों को घर दिखाना नहीं, बल्कि उन्हें सही जानकारी, सही विकल्प और अंततः सही घर उपलब्ध करवाना है—एक ऐसा घर जो उनके परिवार के भविष्य को सुरक्षित, आरामदायक और उन्नत बनाए।इस वर्ष की थीम 'एड्रेस चेंज कराया क्या?' सिर्फ एक सवाल नहीं, बल्कि एक नई सोच की शुरुआत है, जो लोगों को बेहतर जीवनशैली अपनाने, आधुनिक सुविधाओं से जुड़ने और अपने भविष्य के लिए समझदारी भरा निर्णय लेने के लिए प्रेरित करती है। हम चाहते हैं कि हर विजिटर इस एक्सपो से नए अवसर, नई उम्मीद और अपने सपनों के घर की स्पष्ट दिशा लेकर वापस जाए।"




कार्यक्रम का संचालन कैप्टन श्रीनिवास, रॉबिन पुष्प एवं अजय श्रीवास्तव के सफल संयोजन में हुआ, जिसमें शहर के उभरते युवाओं के साथ एक सार्थक "युवा संवाद – नई सोच, नया बिलासपुर" आयोजित किया गया। इस संवाद में Gen-Next ने बिलासपुर के भविष्य, रियल एस्टेट में नवाचार, आधुनिक विकास एवं शहर की नई दिशा पर अपने विचार साझा किए।
इस अवसर पर Gen Next Legacy Award से
उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवा उद्यमियों का सम्मान भी किया गया।






**डॉ. अजय श्रीवास्तव**
पूर्व अध्यक्ष

"पिछले 15 सालों से यह एक्सपो बिलासपुर की पहचान बना हुआ है। हजारों families को सही घर चुनने में इस आयोजन ने help की है। 30 से ज्यादा approved projects के साथ यह एक्सपो buyers को safe और genuine विकल्प देता है। यह आयोजन शहर की progress और real estate की credibility का प्रमाण है।"



**सुहेल हक**
पूर्व अध्यक्ष

"यह एक्सपो बिलासपुर को 'Smart Real Estate Destination' बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। Buyers और developers के बीच विश्वास बढ़ाने में यह आयोजन अहम भूमिका निभा रहा है। Quality, transparency और sustainable development—ये हमारी प्राथमिकताएँ हैं, और यह एक्सपो उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है।"



**अमित अग्रवाल**
सचिव

"यह आयोजन बिलासपुर में real estate के नए युग की शुरुआत है। इतने सारे developers, bankers और buyers को एक जगह देखकर यह साफ है कि शहर अब fast-growing real estate hub बन चुका है। थीम 'एड्रेस चेंज कराया क्या?' लोगों को अपने सपनों के नए पता की तरफ बढ़ने की प्रेरणा देता है।"



**हेमंत जीवनानी**
कोषाध्यक्ष

30+ projects को एक ही जगह देखना buyers के लिए rare opportunity है। Modern सुविधाएँ, entertainment और informed guidance के साथ यह एक्सपो हर visitor के लिए एक शानदार अनुभव है। हमारा मकसद quality और भरोसे को सबसे ऊपर रखना है।"



**नसीम खान**
उपाध्यक्ष

"यह एक्सपो सिर्फ बिलासपुर नहीं, बल्कि प्रदेश के कई शहरों को development के नए मौके दे रहा है। RERA और TCP approved projects buyers को full trust के साथ सही property चुनने का confidence देते हैं। Gifts, offers और activities ने event को और भी exciting बना दिया है।"



**मनीष बजाज**
युथ विंग अध्यक्ष

"यह एक्सपो सिर्फ बिलासपुर नहीं, बल्कि प्रदेश के कई शहरों को development के नए मौके दे रहा है। RERA और TCP approved projects buyers को full trust के साथ सही property चुनने का confidence देते हैं। Gifts, offers और activities ने event को और भी exciting बना दिया है।"



**सौरभ ग्वालानी**
युथ विंग अध्यक्ष

"क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो youth engagement, investment awareness और future housing trends की understanding बढ़ाने वाला प्लेटफॉर्म है। यह आयोजन एक developing शहर की real estate journey को और मजबूत बनाता है।"

## शहर के प्रतिष्ठित डेवेलपर्स द्वारा एक्स्ट्रा ऑफर्स



















ग्राहकों को इस CREDAI एक्सपो में शहर के जाने-माने डेवेलपर्स द्वारा अपने प्रीमियम प्रोजेक्ट्स पर अतिरिक्त ऑफर्स दिए जा रहे हैं, जिसमें कोई फ्री रजिस्ट्री दे रहा, कोई फ्री मेंटेनेंस, तो कोई शानदार कैशबैक। ऐसे में यह ग्राहकों के लिए बहुत फायदे का सौदा है। जो डेवेलपर्स ऑफर्स दे रहे हैं उनमें शामिल हैं जीके मेघनंदन, श्री गणेश ऑर्चिड, एसके बिल्डर्स एन्ड डेवेलपर्स, स्वर्ण शिखर, अविरल डेवेलपर्स, गीतांजलि एरा, उषा वैली, स्वर्ण एरा, फार्च्यून एलिमेंट्स, दीवान कंस्ट्रक्शन, विजय श्री हेरिटेज, बालाजी अरपा, ग्वालानी ग्रुप, विज़न विस्तार, डीआरएस आदि. CREDAI एक्सपो में क्रेडआई बिलासुर भी अपना 3 लाख रुपये तक का विशेष ऑफर दे रहा है जिसमें हर घंटे चांदी का सिक्का है, इसके अलावा इलेक्ट्रिक स्कूटर, रेफ्रीजिरेटर, टेलीविजन, एसी, वाशिंग मशीन सभी कुछ है, ऐसे में ग्राहकों का सपनो का घर लेने की राह में दोगुना फायदा है





















# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# रावत नाच महोत्सव 15 को, तैयारी शुरु

**यदुवंशी समाज का सबसे बड़ा रावत नाच महोत्सव इस बार 15 नंववर को स्वामी आत्मानंद लाल बहादुर शास्त्री शाला प्रागंण में होने जा रहा है, छत्तीसगढ़ का प्राचीन लोक-उत्सव जिसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों से हजारों की संख्या में यदुवंशी बहुरंगी नृत्यकला एवं शस्त्र चालन की कला का प्रदर्शन करेंगे। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शुक्रवार को इस महोत्सव के संयोजक डॉ कालीचरण यादव ने मैदान पहुंचकर तैयारीयों की रूपरेखा बनाई। इन्होंने बताया की 48वें वर्ष पर रावत नाच महोत्सव की तैयारी चल रही है, इस वर्ष भी समाज की परंपरा को बढाते हुए महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को वेश-भूषा, अनुशासन, सुंदर नाच व लाठी, फरी, गुरूद चालन के प्रदर्शन के आधार पर युदवंशी दलों को पुरूस्कृत किया जाएगा। यह रावत नाच छत्तीसगढ की संस्कृति के साथ समाज की भी मुख्य पहचान है, जिससे एकजुटताा का भी परिचय होता है।

डॉ कालीचरण ने बताया कि विगत 48 वर्षों से चल रहा यह महोत्सव आज कई आयाम गढ रहा है,समय के साथ दलों की भी संख्या बढी है और इनाम की राशि भी इसमें शामिल होने वाले यदुवंशियों का भी खूब उत्साह रहता है। इस उत्सव का वे इंतजार करते है। इसमें प्रथम पुरूस्कार 15 हजार रूपए सुपर रनिंग शील्ड व वादक दल को एक हजार एक रूपए दिया जाएगा, द्वितीय पुरूस्कार 11 हजार रूपए दो दलों को जिसमें पहला बिलासपुर संभाग व दूसरा संभाग के बाहर के दल को दिया जाएगा और वादक को पांच सौ रूपए दिया जाएगा। तीसरा पुरूस्कार 9 हजार रूपए का तीन दलों को एक संभाग के बाहर दल को अनिवार्य रहेगा देना और वादक को चार सौ रूपए दिया जाएगा। इसी तरह अन्य चतुर्थ में चार व पांचवे में पांच पुरूस्कार दिए जाएंगे। इसमें 15 टीमों को पुरूस्कृत किया जाएगा।





**15 प्रतिभागियों कों 2 लाख रूपए तक की राशि दी जाएगी**

## हर प्रतिभागी को मिलेगी राशि

आयोजकों ने बताया कि रावत नाच महोत्सव में शामिल होने वाले हर प्रतिभागी को एक हजार एक रूपए की राशि दी जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक दलों की प्रस्तुति के बाद सभी सदस्यों को पुड़ी सब्जी का भी वितरण किया जाएगा।

## रावत नाच महोत्सव का इतिहास

डॉ कालीचरण ने बताया की ब्रिटीश काल से प्रारंभ हुआ यह रावत नाच महोत्सव को पैंतालीस वर्षों से अधिक हो रहा है। पहले यदुवंशी अलग-अलग जगह घूम कर नृत्य प्रदर्शन करते थे। इसके बाद सिटी कोतवाली में सन 1978 में छोटे स्वरूप में रावत नाचा शुरू हुआ। यहां से फिर लालबहादुर शास्त्री मैदान में सन 1980 होने लगा जो अब तक चल रहा है।

## पांच निर्णायकों की टीम करेगी निर्णय



रावत नाच महोत्सव में यदुवंशियों के प्रदर्शन का आकलन 5 सदस्यी अनुभवी टीम इसका मूल्यांकन करेगी। जिसमें वेश-भूषा में 10 अंक, अनुशासन में 10 अंक,सुंदर नाच व बाजा में 10 अंक और लाठी,फरी,गुरू चालन या झांकी में 10 अंक दिया जाएगा। इसके अलावा रावत बाना में संगठित अधिकतम यादवों की संख्या में दस अंक मिलेगा। दलों के अनुशासन व एकजुटता का भी विशेष ध्यान रखेगी।

# मंगला में महोत्सव 11 को, उपमुख्यमंत्री साव होंगे शामिल

मंगला में 26 वां राउत नाच महोत्सव का आयोजन 11 नवंबर को शाम 5 बजे से शुरू होगा, जिसकी तैयारी तेजी से चल रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव रहेंगे।

विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और पूर्व महापौर रामशरण यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, सूचना के अधिकार के राज्य सचिव सुकुमार यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीनू सुमंत यादव, शिवसेना के जिलाध्यक्ष रेवती यादव करेंगी। मंगला राउत नाच महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुजीत यादव ने बताया कि पिछले साल की तरह इस साल भी महोत्सव बजरंग चौक छपरा भाठा में किया जाएगा। महिलाओं के बैठने की अलग से व्यवस्था की जाएगी। अध्यक्ष सुजीत ने बताया कि पिछले साल 39 दल पहुँचे थे। इस बार उससे ज्यादा आने की उम्मीद जताई जा रही है। दलों का मूल्यांकन 20 सदस्यीय निर्णायक दल करेंगे। इसमें दलों का अनुशासन, नर्तकों की संख्या, लाठी चालन, कला प्रदर्शन, गायन, नृत्य, तौर-तरीके को देखकर मूल्यांकन किया जाएगा।

# धन गुरुनानक दरबार में 40 दिवसीय अखंड जपजी साहिब का पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जरहाभाठा सिंधी कॉलोनी स्थित डेरा संत थाहिरिया सिंग साहिब धन गुरु नानक दरबार में विगत 40 दिन पूर्व अखंड जपजी पाठ साहेब आरंभ किया गया था जो कि 5 नवंबर श्री गुरु नानकदेव के 556 वें प्रकाश उत्सव के दिन भोग साहिब के साथ संपन्न हुआ। रात्रि भोग साहिब लगाया गया। गुरु साहिब की पौड़ी पढ़ी गई। विश्व कल्याण के लिए दरबार के प्रमुख प्रबंधक भाई साहब मूलचंद नारवानी ने अरदास की एवं अपने अमृत वचनों में साध संगत को गुरुनानक देव के प्रकाश उत्सव एवं 40 दिवसीय अखंड जपजी पाठ साहिब के संपन्न होने की सभी गुरु प्रेमियों को लख-लख बधाइयां दी। आखिर में प्रसाद वितरण किया गया। अटूट लंगर में साध संगतों ने गुरु का प्रसाद चखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में दरबार साहिब के प्रमुख प्रबंधक भाई साहेब मूलचंद नारवानी, सोनू लालचंदानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, डा. हेमंत कलवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, दिलीप जगमलानी, नरेश मेहरचंदानी, चंदू मोटवानी, भोजराज नारवानी, मेघराज नारा, अशोक मतलानी, सुरेश माधवानी, विकास बजाज, गंगाराम सुखीजा, वार्ड पार्षद कंचन सुरेश वाधवानी, बलराम रामानी, अविनाश हिंदूजा, गोविंद दुसेजा, नंदलाल पोपटानी, अशोक जज्ञासी, जगदीश जज्ञासी, गोविंद दुसेजा, नंदलाल पोपटानी, अनीता नारवानी, पलक हर्जपाल कंचन रोहरा, सोनिया कलवानी, ज्योति हिंदुजा, वर्षा सुखीजा, कशिश जैसवानी एवं गुरु नानक दरबार के सभी सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।



# गुप्ता समाज ने महर्षि कश्यप ऋषि की पूजा कर किया प्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री चंद्रपुरिया कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज बिलासपुर ने महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती पर कसौंधन भवन करबला में महर्षि कश्यप ऋषि की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया।



समाज के मुख्य संरक्षक शिव प्रताप साव ने महर्षि काश्यप ऋषि के जीवन के बारे में जानकारी दी और समाज के अन्य उपलब्धियों के बारे में समाज के सभी लोगों को अवगत कराया। समाज के पूर्व अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने आगामी 10 से 17 नवंबर तक समाज द्वारा होने वाले श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के आयोजन होने एवं अपने पूर्व 2 कार्यकाल में किए गए कार्यो की जानकारी दी। अंत में लक्ष्मीकांत गुप्ता सचिव ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में शिव प्रताप साव, आशीष गुप्ता, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, लक्ष्मीकांत, आशुतोष साव, प्रवीण गुप्ता, अमित राज गुप्ता, वीरेंद्र, नरेन्द्र गुप्ता, नीलेश गुप्ता, ईजी. रमेश गुप्ता, निरंजन, रविश, शिव कुमार, गणेश, अजय, अशोक, अनंत, राम अवतार गुप्ता साहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

**स्पोर्टर्स न्यूज**

# हॉकी शताब्दी वर्ष खेला गया प्रदर्शन मैच



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बहतराई हॉकी स्टेडियम में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने मैदान पर पहुंचे और हॉकी मैच का आनंद भी लिया। उनको हॉकी का वितरण भी किया,उन्होंने कहा कि भारत में हॉकी का इतिहास बहुत ही पुराना है और स्वर्णिम रहा है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद कैप्टन रूप सिंह जैसे खिलाड़ियों ने भारत का मान बढ़ाया और भारतीय हाकी को विश्व का सिरमौर बनाया। उम्मीद जताई कि बिलासपुर से भी जल्दी ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यहां के खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करें। हॉकी का प्रदर्शन मैच मेजर ध्यानचंद विरुद्ध कैप्टन रूप सिंह एकादश के बीच खेला गया, जिसमें कप्तान रूप सिंह 1-0 से विजय रही। इस अवसर हॉकी ओलंपियन अजीत लाकड़ा जो खेलो इंडिया सेंटर के मुख्य कोच का सम्मान बिलासपुर द्वारा शाल व श्रीफल भेंट कर किया गया। डॉ मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि बिलासपुर में तीन दिवसीय आयोजन हो रहा है।

## सौ हॉकी का होगा वितरण

जिसकी पहली कड़ी में 6 नवंबर को क्विज कंपटीशन,7 को प्रदर्शन हॉकी मैच एवं ड्राइंग पेंटिंग कंपटीशन एवं 8 को सुबह 10 बजे सेजेस लिंगीयाडीह स्कूल में हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा 100 हॉकी का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर हॉकी छत्तीसगढ़ के महासचिव डॉ मनीष श्रीवास्तव, जिला खेल अधिकारी सुशील अमलेश, राकेश टोप्पो, अमिताभ मानिकपुरी, रवि पारेख, सोनू सिंह आदि उपस्थित थे।



## मैदान को हॉकी, गेंद और रंगोली से सजाया गया

हॉकी के नर्सरी कहे जाने वाली जगह पुलिस ग्राउंड में भारतीय हॉकी के शताब्दी समारोह जश्न, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। नर्सरी के छोटे-छोटे बच्चों के मध्य मैच खेला गया, स्व. लेजली कलाडियस की टीम ने स्व.काशी रजक की टीम को 2-1 से हराकर विजय हुई,क्लाडियस की टीम की तरफ से 1 गोल सैय्यद सामे अली और एक गोल मयूर यादव ने किया, काशी रजक की टीम से 1 गोल आदित्य पटेल ने किया। मैच के अंपायर सैय्यद सुलतानुद्दीन और शेख मोइनुद्दीन थे। टेक्निकल में हेमन्त रजक, राहुल रजक,जुबेर थे। मैदान को हॉकी, गेंद और रंगोली से सजाया गया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सैयद मुश्ताकुद्दीन, उस्मान खान ,भुट्टो राज, इस्तेफ़ाक़ अली, सैय्यद इंसान अली, क़फ़िफ़ु भाई आदि का विशेष सहयोग रहा।



# कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब करपीहा ने जीता

दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सराईपाली में प्राथमिक शाला खेल मैदान में आयोजित किया गया था। जिसमें 60 टीमों ने भाग लिया था, जिसका ख़िताब करपीहा ने मेजबान सराईपाली को 34-20 के मुकाबले 14 अंको से हराकर कबड्डी का चैंपियन बना।

प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला सराईपाली विरुद्ध देवरी खुर्द बिलासपुर के मध्य खेला गया जिसमे सराईपाली ने 24-21 के मुकाबले 3 अंको से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया दूसरा सेमीफाइनल मैच करपिहा विरुद्ध कोरबा क्लब कोरबा के मध्य खेला गया। जिसमें करपीहा ने कोरबा को 25-18 के मुकाबले 7 अंको से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया था।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक जिला कबड्डी संघ के राष्ट्रीय निर्णायक जीतेन्द्र सराफ, राज्य निर्णायक हर्बन्स कस्तूरिया,नन्द कुमार ध्रुव, शिवशम्भू जगत, शिव कैवर्त, ने मैच सम्पन्न कराया। कबड्डी संघ उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा, बुधराम मरकाम, राय सिंह यादव आदि मौजूद थे।

**आयोजन**

# वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं की जमीनी सच्चाई से रूबरू कराया



**बिलासपुर।** दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ। ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित एवं सचिव डॉ सत्यभामा अवस्थी तथा वरिष्ठ नागरिक फेडरेशन के अध्यक्ष सी पी देवरस की सहभागिता और विमर्श ने धरातल पर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं की जमीनी सच्चाई से रूबरू कराया। गुरु घासीदास विवि के कुलपति अशोक चक्रवाल के नेतृत्व में डॉ अमित सक्सेना, निर्देशक डॉ अर्चना यादव, डॉ प्रतिभा जे मिश्रा सहित प्राध्यापक गण,अन्यान्य कार्मिक,स्वागती छात्राओं के सहयोग के अलावा ज्येष्ठ नागरिक संघ के प्रतिभागी सदस्यो की सक्रियता में कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। इस संगोष्ठी में ज्येष्ठ नागरिक संघ के बाल गोविन्द अग्रवाल, डी के शर्मा, प्रभात मिश्रा, प्रकाश जोशी, नित्यानंद अग्रवाल, जयश्री शुक्ला, शीला शर्मा के साथ अन्य 25 प्रतिभागी उपस्थित रहें।

**कार्यक्रम**

# कल्चुरी कलार महासंघ का महोत्सव 9 को होगा



**बिलासपुर।** कल्चुरी कलार महासंघ महोत्सव का भव्य आयोजन रविवार को कुलदेवी माँ महामाया मंदिर प्रांगण रतनपुर में होने जा रहा है। इसका उद्देश्य कल्चुरी समाज की संस्कृति, कला, धरोहर समृद्ध इतिहास और संस्कृति से अवगत कराना है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न सगठनों को एकजुट करना भी है ताकि कल्चुरी समाज की शक्ति और गरिमा का विस्तार करना है। कार्यक्रम की शुरुआत कुलदेवी महामाया की आराधना से होगी। ततपश्चात्त सांस्कृतिक कार्यक्रम को दौर होगा जहाँ कला और प्रतिभा का अद्भुत दृश्य से वातावरण सराबोर रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, अध्यक्षता मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल संभालेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

**धर्म-क्षेत्र**

# भव्य शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारा



**बिलासपुर।** नव-निर्मित शिव मंदिर का हरदी में प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस भव्य मंदिर के निर्माण में सहगल परिवार, चावला परिवार की प्रमुख भूमिका रही। ग्राम तालाब से नवीन शिव मंदिर परिसर तक कलश यात्रा के आयोजन हुआ, जिसमें 1500 से अधिक में ग्रामवासी सम्मिलित हुए। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत हरदी सामुदायिक भवन परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



**सम्मान**

# युवा गीता शिखर सम्मेलन में शुभम ने जीता राष्ट्रीय ‘गीता विशारद’



**बिलासपुर।** युवा गीता शिखर सम्मेलन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, के शोधार्थी शुभम पाठक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय “गीता विशारद पुरस्कार” प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार, गीता मनीषी के नाम से विख्यात स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज तथा दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंच की शोभा बढ़ाई। युवा गीता शिखर सम्मेलन” एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है, जिसका आयोजन ग्लोबल इंस्पिरेशन एनलाइटनमेंट ऑर्गनाइजेशन ऑफ भगवद्गीता द्वारा मानव रचना अंतरराष्ट्रीय संस्थान, फरीदाबाद के सहयोग से किया गया।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विशेषज्ञों के सम्मेलन में डॉ. मढरिया देंगे व्याख्यान

**बिलासपुर।** नई दिल्ली में एम्स द्वारा आयोजित 6वां अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विशेषज्ञों के सम्मेलन में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं आशीर्वाद लेजर फेको नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ. एल. सी. मढरिया का मोतियाबिंद के एडवांस फेको ऑपरेशन में व्याख्यान देंगे। नई दिल्ली में डॉ. आर. पी. सेंटर एम्स द्वारा आयोजित छठवां बेनियल वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस आई एस एम एस आई सी एस 7 से 9 नवंबर तक नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में विश्व के लगभग 1000 नेत्र विशेषज्ञ भाग लेंगे। डॉ मढरिया ने बताया सम्मेलन इंडिया हेबिटेट सेंटर होटल अशोक नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है जो डॉ आर पी सेंटर एम्स के पूर्व डायरेक्टर पद्मश्री डॉ प्रोफेसर जे एस टिटियाल व डॉ. प्रोफेसर नम्रता शर्मा आर पी सेंटर एम्स के मार्गदर्शन में हो रहा है। इस सम्मेलन में अमेरिका से डॉ. उदय देवगन, डॉ. बोरिस मलुगीना, लंदन से डॉ. फिस्टोफर, इजिप्ट से डॉ. जायदा, डॉ. अमर राडी, फिलिपींस से डॉ. कादिल, डॉ. तान सिंगापुर से अन्य देशों के नेत्र विशेषज्ञों व भारत के प्रख्यात नेत्र सर्जन का व्याख्यान व शोध पत्र पढ़े जाएंगे। सम्मलेन में डा मढरिया द्वारा मोतियाबिंद के एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण की तकनीकी के बारे में बताएंगे। डॉ मढरिया ने बताया हमारे देश में डायबिटीज महामारी का रूप ले लिया है और लाखों लोग हर वर्ष अपनी दृष्टि डायबिटीज के कारण खो रहे हैं। इसके इलाज के लिए एडवांस लेजर एवं एंटीवेजेफ के बारे में बताया जाएगा।



### कुर्मी चेतना मंच मनाएगा पटेल की जयंती, एकता का महा-संगम कल



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को सामाजिक एकता, संगठन और चेतना का पर्व बना रहा है। समाज के सर्वांगीण विकास को समर्पित यह आयोजन 9 नवंबर को पं. देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में होगा। प्रेसवार्ता में मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्रों में होगा। पहला सत्र सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, संगठन प्रतिवेदन, राष्ट्रीय कुर्मी चेतना पंचांग 2026 का विमोचन, विचार गोष्ठी, प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी। प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कौशिक, प्रदेश महासचिव अनिल कुमार वर्मा, लक्ष्मी कुमार गहवई, देवनारायण कश्यप, ईश्वरीय लाल चंद्राकर, माला चंद्राकर, सुमन कौशिक, ऋषि कश्यप, अशोक कौशिक, यज्ञेश कौशिक, पूना राम कश्यप मौजूद रहे। इस सत्र के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल होंगे, अध्यक्षता जांजगीर चांपा विधायक कुर्मी व्यास नारायण कश्यप करेंगे, विशिष्ट अतिथियों में कुर्मी मुकेश वर्मा, डॉ. जितेन्द्र सिंगरौल, सियाराम कौशिक, ममता मनोज चंद्राकर, ललिता संतोष कश्यप, प्रवीण वर्मा, लक्ष्मी प्रसाद वर्मा, एवं डॉ. संतोष कौशिक शामिल रहेंगे। दूसरा सत्र के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक होंगे। अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप कौशिक करेंगे।

### विद्युत संशोधन विधेयक 2025 बिजली ढांचे को ध्वस्त कर देगा

**बिलासपुर।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने भारत सरकार के विद्युत मंत्री को ड्राफ्ट विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025 पर अपनी टिप्पणियां सौंपी हैं।



अपनी टिप्पणियों में एआईपीईएफ ने विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की है क्योंकि इसका उद्देश्य पूरे बिजली क्षेत्र का निजीकरण करना है, जो किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आत्मघाती साबित होगा। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि यदि यह विधेयक लागू हुआ तो दशकों में बनी एकीकृत और सामाजिक रूप से संचालित बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी और बिजली वितरण व उत्पादन के सबसे लाभदायक हिस्से निजी कंपनियों के हाथ सौंप दिए जाएंगे। जबकि घाटा और सामाजिक दायित्व सार्वजनिक क्षेत्र को ही उठाने पड़ेंगे। श्री दुबे ने कहा कि यह विधेयक सार्वजनिक हित में क्षेत्र को सहारा देने के बजाय बड़े पैमाने पर निजीकरण, व्यावसायीकरण और भारतीय बिजली प्रणाली के केंद्रीकरण का रास्ता साफ करने के लिए बनाया गया है। यह सार्वजनिक उपयोगिताओं की वित्तीय स्थिरता, उपभोक्ताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों, भारतीय राज्य की संघीय संरचना और देशभर में लाखों बिजली क्षेत्र कर्मचारियों की आजीविका को खतरे में डालता है। उन्होंने कहा कि लागत-प्रतिबिंबी टैरिफ का प्रावधान और क्रॉस-सब्सिडी की वापसी से किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ असहनीय हो जाएगा। दुबे ने बताया कि पहले भी वर्ष 2014, 2018, 2020, 2021 और 2022 में भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने विद्युत (संशोधन) विधेयक पेश किए थे, लेकिन कर्मचारी-विरोधी, किसान-विरोधी और उपभोक्ता-विरोधी प्रावधानों के कारण तथा बिजली इंजीनियर्स, बिजली कर्मचारी, किसान संगठन, उपभोक्ता मंच और कई राज्य सरकारों के कड़े विरोध के चलते ये विधेयक पारित नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि अब एक बार फिर जो ड्राफ्ट विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025 लाया गया है, वह पिछले पांच ड्राफ्ट विधेयकों से बिल्कुल मिलता-जुलता है।

## निधन

### डा. मनोज कुमार चचाने

**बिलासपुर।** गणेश नगर चुचुहियापारा निवासी डॉ. मनोज कुमार चचाने का 7 नवंबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 8 नवंबर को तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजेश चचाने एवं रूपेश चचाने के बड़े भाई थे।



### अनुराधा नारवानी

**बिलासपुर।** अंजनी विहार चांटीडीह निवासी अनुराधा नारवानी का 6 नवंबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 7 नवम्बर सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. हरि लाल नारवानी की पत्नी, प्रताप राय नारवानी की बहु, दीपक नारवानी, संदीप नारवानी, भूमिका बेलानी, पलक रमानी की मां थीं।



एयू में मुख्य डाकघर के माध्यम से लगाया गया शिविर | पांच हजार छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड में त्रुटि के कारण नहीं हो पा रहा इनरोलमेंट

# नाम में त्रुटि वाले फर्स्ट ईयर स्टूडेंट्स का सुधरवाया जा रहा आधार कार्ड

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में इस सत्र फर्स्ट ईयर में एडमिशन लेने वाले लगभग 5 हजार छात्र-छात्राओं के बारहवीं कक्षा के मार्कशीट एवं आधार कार्ड के नाम में भिन्नता पाया गया है। इस वजह से उनका एबीसी आईडी पंजीयन सुधार कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है और न ही उनका इनरोलमेंट हो पाया है, इसलिए यूनिवर्सिटी ने मुख्य डाकघर के माध्यम से अपने कैंपस में ही चार दिवसीय शिविर लगाकर छात्रों के आधार कार्ड का त्रुटि सुधरवा रही है।



अटल यूनिवर्सिटी की ओर से सभी कालेजों के प्राचार्यों को इस शिविर की जानकारी देने और ऐसे छात्र-छात्राओं को शिविर में भेजने कहा गया है, जिनके आधार कार्ड और बारहवीं कक्षा मार्कशीट के नाम में भिन्नता है। अटल यूनिवर्सिटी ने मुख्य डाकघर के संयुक्त तत्वाधान में यह शिविर लगाया है जो 6 व 7 नवंबर तथा 10 व 11 नवंबर चार दिनों तक रहेगा। इस बीच छात्र अपने आधार कार्ड के नाम में सुधार करा लें, ताकि उनके एबीसी आईडी पंजीयन सुधार कार्य किया जा सके। यूनिवर्सिटी में कैंपस में शिविर की जानकारी मिलने के बाद कई छात्र-छात्राएं पहुंचकर आधार कार्ड सुधरवाने पहुंच रहे हैं। बीच में दो दिन शनिवार-रविवार अवकाश रहेगा, उसके बाद सोमवार और मंगलवार को शिविर चालू रहेगा। अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों एवं यूनिवर्सिटी के यूटीडी में इस सत्र फर्स्ट ईयर में लगभग साढ़े सत्तरह हजार छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है, जिनमें से लगभग 5 हजार छात्र-छात्राओं के बारहवीं कक्षा के मार्कशीट एवं उनके आधार कार्ड के नाम में एकरूपता नहीं है।

### छात्रहित में दिया था प्रवेश

अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में फर्स्ट ईयर में प्रवेश के लिए पंजीयन के समय कुछ छात्र-छात्राओं के बारहवीं कक्षा के मार्कशीट और उनके आधार कार्ड के नाम में एकरूपता नहीं पाई गई, जिसकी वजह से उनका एबीसी आईडी पंजीयन नहीं हो पा रहा था। छात्रों की परेशानी को देखते हुए तत्कालिक रूप से छात्रों को कालेजों में प्रवेश दे दिया गया था। लेकिन उन छात्र-छात्राओं के शैक्षिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड के नाम में एकरूपता होना अनिवार्य है।

### एबीसी आईडी पंजीयन नहीं सुधरा

अभी तक छात्रों के सही आधार एवं मार्कशीट नाम के अनुसार एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन सुधार नहीं किया गया है। एबीसी आईडी में बिना सुधार हुए ऐसे छात्रों के यूनिवर्सिटी पोर्टल में नामांकन, परीक्षा फार्म आनलाइन माध्यम से नहीं किया जा सकेगा। फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन के समय फ्रेशर छात्र-छात्राओं को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एबीसी आईडी भी जनरेट करना था। एबीसी आईडी जनरेट होने के बाद ही कालेजों में एडमिशन दिया जाना था, किन्तु बहुत से स्टूडेंट्स के समक्ष एबीसी आईडी बनाने को लेकर दिक्कत आ रही थी और उनका एबीसी आईडी जनरेट नहीं हो पा रहा था।

राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की रचना 150 वर्ष पूरा हुआ

# 'वन्दे मातरम' का किया सामूहिक गायन

### सेनानी परिवार ने सामूहिक गायन किया



**बिलासपुर।** जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा वन्दे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वीं जयंती पर प्रो.डॉ किरण बाजपेयी के गायन किया गया। स्व बंकिम चंद्र चटर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय जन चेतना के संवाहक बंकिम चंद्र चटर्जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने कहा कि देश की आजादी का अलख जगाने वाला गीत भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे, डॉ रश्मि जितपुरे,डॉ उषा किरण बाजपेयी, डॉ शिवनाथ श्रीवास, हनी शुक्ला, शेलेश कुमार शुक्ला, सोनम साहू, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, गिरीश अग्रवाल, नरेश नायडू, शत्रुघन सोनी, प्रो किरण बाजपेयी, डॉ रश्मि बाजपेयी, किरण शुक्ला, नीरज तिवारी, मनहरन, मनोज सिंह, राम नारायण पटेल आदि मौजूद थे।

### रेलवे जीएम ने कराया सामूहिक गायन



राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर दपूमरे बिलासपुर में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की उपस्थिती में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा "वंदे मातरम" के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम से राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव के शुभारंभ अवसर पर दिए गए आह्वान के अनुरूप आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" की रचना के 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर में भी यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रेल अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण की भावना व्यक्त की।

### अधिवक्ताओं ने मनाई 150 वीं वर्षगांठ



बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम की 150 वर्ष गांठ पर जिले के अधिवक्ता मिथलेश कुमार पाठक, पूर्व अध्यक्ष चंद्र शेखर बाजपेयी, गोविंद तिवारी, सुरेश कुमार पाण्डेय, चन्द्र प्रदीप बाजपेयी, मनोज सिंह ठाकुर, राहुल गोस्वामी, रजनीश तिवारी, जय लाल यादव, अमित बाजपेयी, सज्जन तिवारी, मीनाक्षी राठौर, शिल्पी जोशी, कविता आर्या, साक्षी सिंह आदि अधिवक्ता साथियों ने वन्देमातरम गीत गाकर 150 वीं वर्ष गांठ मनाई गई, इस दौरान अधिवक्ताओ ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। बंकिम चंद्र चटर्जी के वंदेमातरम गीत को काफी सराहा।

### वंदेमातरम भारत माता का सजीव चित्रण: ललित



हमारे राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 गौरवशाली वर्ष 7 नवंबर को पूरे होने पर पूरे देश सहित शिवमंदिर प्रांगण शुभम विहार में शुभमविहार मानस मंडली द्वारा विशेष आयोजन किया गया। ललित अग्रवाल ने बताया कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 7 नवंबर 1875 को लिखा गया यह गीत भारत की स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरक रहा है। यह गीत भारतीय आत्मा, एकता और मातृभूमि की आराधना का प्रतीक है, जिसने देश को असंख्य बार प्रेरित किया और राष्ट्र की एकता को दृढ़ किया। इस अवसर पर मानस मंडली के अध्यक्ष अखिलानंद पांडेय, ललित अग्रवाल, अखिलेश द्विवेदी, विनोद अवस्थी, प्रमोद तिवारी, भूपेंद्र यादव, सुरेंद्र दुबे, प्रमोद अवस्थी, रामकिसुन रजक सहित मंडली के सभी सदस्यों ने राष्ट्रगीत का गायन करते हुए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय का गीत वंदे मातरम ने जगाया देश भक्ति का जज्बा

अंग्रेजों के एक चाकर थे, उनके शासन में न्यायाधीश। नाम था बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय। एक बार एक अंग्रेज ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। वे न्याय के लिए लड़े। उस अंग्रेज को अंग्रेजी शासन के भी दण्ड सुनाया, भले ही बंकिम बाबू ने उसे क्षमा कर दिया। किन्तु यहां से उनमें राष्ट्रभक्ति का भाव ट्रिगर कर गया और उन्होंने अंग्रेजों की नौकरी छोड़ दी। इन्हीं बंकिम बाबू ने संन्यासी विद्रोह पर आधारित एक उपन्यास लिखा- आनंद मठ -जो कालजयी सिद्ध हुआ। इसी आनंद मठ में एक गीत है - वन्दे मातरम्। भारत की आत्मा की सीधे छूता है यह गीत। इसीलिए स्वाधीनता के संग्राम में प्रत्येक संग्रामी के मुख पर यह गीत रहता था। आज इसी त्रिकालसिद्ध सत्य गीत के धरावतरण के 150 वर्ष हो गए। हां, सत्य है, यह गीत लिखा नहीं गया, ईश्वर की महती कृपा से धरती पर अवतरित ही हुआ है। किन्तु, हाय! राजनीति के चलते हमारे नेताओं ने अरबी संस्कृति के सम्मुख हथियार डालते हुए इस गीत को काट दिया और भारत माता को मातृभूमि के स्थान पर भूमिमात्र बना डाला। अब हम इस गीत का मात्र एक अंतरा ही गाते हैं ताकि हमारी मातृभूमि को भूमि मात्र मानने वाले कुपित न हो जाएँ। तो आज, इस गीत की 150वीं जयंती पर हम संकल्प लें कि हमारी मातृभूमि को भूमिमात्र मानने वाले एक एक जन को हिन्दू संस्कृति में लौटा कर लायेंगे। भारत को शत प्रतिशत हिन्दुओं का राष्ट्र बनाएंगे ताकि फिर कभी कोई भारत माता की वन्दना के इस गीत को छोटा करने को विवश न हो।

### हरिहर ऑक्सीजन पर्यावरण सेवा समिति ने मनाई वंदेमातरम की वर्षगांठ



हरिहर ऑक्सीजन पर्यावरण परिवार द्वारा कोनहेर उद्यान परिसर में वंदे मातरम की 150 वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर लता गुप्ता ने बंकिम चंद्र चटर्जी के राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम' की सराहना की। रेखा गुल्ला ने कहा कि यह कार्यक्रम आज सात नवंबर 2025 से सात नवंबर 2026 तक एक साल तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी उत्सव की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ शंकर यादव ने किया। इस अवसर पर मोहित श्रीवास, मदनमोहन गुल्ला, जी एल कश्यप, निर्मल अग्रवाल, प्रकाश जोशी, भुवन वर्मा, डॉ शंकर यादव, संजय वर्मा, प्रीति हितेश चौहान- मोना गणेश बोड़के, ममता गुप्ता, किरण तारा साहू, सन्तोषी वर्मा, डॉ अन्नपूर्णा यादव, किशोर दुबे, शिव शंकर अग्रवाल,श्रीराम यादव, कालू गंभीर आदि मौजूद थे।

# एनटीपीसी में मनाया गया 51 वां स्थापना दिवस



**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत में 7 नवंबर को एनटीपीसी लिमिटेड का 51वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय ने कहा कि देशभर के करीब 108 एनटीपीसी स्टेशनों के माध्यम से कंपनी की कुल स्थापित क्षमता लगभग 85 हजार मेगावॉट है और आज देश के हर चौथे बल्ब को रोशन कर रही है।

उन्होंने सीपत सुपर थर्मल पावर स्टेशन की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। बताया कि निर्माणाधीन 800 मेगावाट की स्टेज-3 परियोजना का कार्य भी काफी तेजी से प्रगति कर रहा है और परियोजना उत्पादन के साथ-साथ नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण, इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रही है। एनटीपीसी सीपत ने पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए हरित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में विशेष पौधारोपण अभियान चलाया। इसके अंतर्गत एक ही दिन में कुल 4000 पौधे लगाए गए, जिनमें से 2000 ग्राम करमा में तथा 2000 पौधे परियोजना परिसर में रोपे गए। साथ ही 160 किलोवाट के रूफटॉप सोलर का भी उद्घाटन किया गया। उल्लेखनीय है कि 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का भी आयोजन किया गया था, जिस दौरान जागरूकता के उद्देश्य से कई तरह की प्रतियोगिताएं भी कराईं गईं थी। आज के दिन उन विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने केक काटकर स्थापना दिवस की खुशियां मनाईं। एनटीपीसी के रंगों से सजे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर समारोह का समापन किया गया। एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने समस्त कर्मचारियों को 51वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कंपनी की उल्लेखनीय उपलब्धियों और भावी लक्ष्यों को साझा किया।

# सिख-पंजाबी छात्रों के लिए करियर काउंसिलिंग कल

**बिलासपुर।** आईएमए हॉल सीएमडी चौक में 9 नवंबर रविवार को छत्तीसगढ़ सिख आफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व कोलंबिया ग्रुप आफ इस्टीट्यूशन्स रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में सिख व पंजाबी विद्यार्थियों के लिए लिए कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

बिलासपुर संभाग में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में अध्ययन सिख व पंजाबी विद्यार्थियों को राजधानी रायपुर के प्रसिध्द करियर सलाहकार डॉ अजीत वरवंडकर मार्गदर्शन करेंगे। यह कार्यशाला सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। बिलासपुर संभाग के समन्वयक डॉ. किरणपाल सिंह चावला के अनुसार कार्यशाला में विद्यार्थियों को उनके करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा संबंधी जानकारी, निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, परीक्षा में तनावमुक्त रह कर लक्ष्य निर्धारण करने संबंधित जानकारी दी जाएगी।

संभागीय स्तर की इस कार्यशाला में बिलासपुर संभाग के अंतर्गत बिल्हा, तखतपुर, कोरबा, मुंगेली में अध्ययनरत कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं तथा 12वीं में अध्ययनरत सिख व पंजाबी विद्यार्थी शामिल हो सकेगें। सेमिनार इच्छुक सिख व पंजाबी विद्यार्थी डॉ. किरणपाल सिंह चावला से संपर्क कर सकते हैं।

# स्वदेशी मेला का विधायक अमर ने किया भूमि पूजन

**बिलासपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में 14 नवंबर से 20 नवंबर तक प्रारंभ होने वाले स्वदेशी मेला का 7 नवंबर को विधायक अमर अग्रवाल ने भूमि पूजन किया।



इस दौरान मेयर पूजा विधानी भी उनके साथ थीं। विगत 20 वर्षों से निरंतर बिलासपुर में होने वाला स्वदेशी मेला भव्य एवं विशाल रूप ले चुका है एवं जन मानस में बहुत ही लोकप्रिय हो चुका है। स्वदेशी मेला क्षेत्रीय संस्कृति, लोक कला, कलाकारों को मंच प्रदान करने एवं स्वदेशी उत्पादों के प्रचार प्रसार का सशक्त माध्यम है। संभागीय संयोजक डॉ सुशील श्रीवास्तव ने बताया की मेला में 300 से अधिक स्टाल, झूले, स्वादिष्ट व्यंजन दर्शकों के मनोरंजन के लिए उपलब्ध रहेंगे। राष्ट्र को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने हेतु स्वदेशी उत्पादों को अपनाने एवं विदेशी उत्पादों के बहिष्कार के लक्ष्य को लेकर स्वदेशी जागरण मंच सतत प्रयासरत है। भूमि पूजन कार्यक्रम में मेला संयोजक गुलशन ऋषि, प्रवीण झा, कमल सोनी, डॉ प्रफुल्ल शर्मा, अरुणा दीक्षित, डॉ देवेन्द्र कौशिक, डॉ नीता श्रीवास्तव, भृगु अवस्थी, नारायण गोस्वामी, दीप्ति बाजपेयी, ज्योतिद्र उपाध्याय, सौमित्र गुप्ता,धीरेन्द्र केसरवानी, लता गुप्ता,मीना गोस्वामी,जूही जैन, जी आर जगत, तुषार पानसे, भावेश सेन, गौरव, चंदना गोस्वामी, सुमन द्विवेदी, चंद्र प्रकाश बाजपेयी, विजय ताम्रकार, श्याम साहू, रूपाली गुप्ता, देवेश खत्री, प्रणव शर्मा, राजेश मिश्रा आदि मौजूद थे।

जनजातीय गौरव दिवस और राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

# 21.73 करोड़ की लागत से बनेगा 300 सीटर बालक छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में बिलासपुर संभाग सहित कुल 10 जिलों बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बलौदाबाजार, मुंगेली, कबीरधाम, रायगढ़ एवं कोरबा के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल थे। श्री बोरा ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय योजनाओं की निगरानी नियमित समीक्षा एवं फील्ड निरीक्षण के माध्यम से की जाए। उन्होंने अधिकारियों से जनजातीय समुदाय के बीच जाकर योजनाओं की जानकारी देने, संपर्क एवं संवाद बढ़ाने पर भी बल दिया। श्री बोरा ने योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। प्रमुख सचिव ने बताया कि 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पूरे राज्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा।

इस अवसर पर जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपरा और संस्कृति के संरक्षण हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख सचिव ने कहा कि जिले में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सम्मिलित होने की संभावना है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री मुख्य अतिथि होंगे।



### गर्ल्स हॉस्टल बनाने की कार्य योजना भी तैयार की जा रही

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बैठक लेकर छात्रवृत्ति योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिलना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जरहाभाठा में 21.73 करोड़ की लागत से 300 सीटर अनुसूचित जाति बॉयज हॉस्टल बनाया जाएगा। इसके साथ ही 300 सीटों की क्षमता वाला गर्ल्स हॉस्टल बनाने की कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है। इन अधोसंरचनात्मक कार्यों से छात्रों को सुरक्षित आवास, बेहतर शिक्षा वातावरण और सुविधाजनक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

बिजनेस प्लस

# क्रेडाई एक्सपो में सपनों के घर के लिए उमड़ी भीड़

**बिलासपुर।** क्रेडाई बिलासपुर द्वारा आयोजित एक्सपो में सपनों का घर पाने के लिए लोगों में काफी उत्साह है। यह पूरे अंचल के लोगों के लिए बड़ा है। विधायक अमर आग्रवाल ने कहा कि पहले शहर का विकास था, लेकिन अब क्रेडाई ने प्लान्ड की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। एक बदलती जीवनशैली के साथ लोगों और सुरक्षित आवास चाहिए।

डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बिलासपुर ने इस सप्ताहांत रियल एस्टेट की दुनिया में एक ऐसी शाम देखी जिसने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो का भव्य शुभारंभ कुंदन पैलेस, श्रीकांत वर्मा मार्ग पर बड़े उत्साह और उमंग के साथ हुआ। दूसरे दिन यहां लोगों की काफी भीड़ रही। वहीं क्रेडाई अध्यक्ष सुशील पटेरिया ने बताया कि क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो हमारे लिए सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि बिलासपुर में रियल एस्टेट को लेकर जागरूकता, पारदर्शिता और विश्वास स्थापित करने का एक संगठित अभियान है। अमित अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन बिलासपुर में रियल स्टेट के नए युग की शुरुआत है। इतने सारे डेवलपर्स, बैंकर्स को एक जगह देखकर यह साफ है कि शहर अब तेजी से रियल स्टेट की दुनिया में आगे बढ़ रहा है। तीन दिवसीय एक्सपो का समापन 9 नवंबर को होगा। कुंदन पैलेस को इसी थीम के मुताबिक सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण एक अलग ही ऊर्जा के साथ लोगों का स्वागत कर रहा था। एक्सपो में 30 से अधिक रेरा रजिस्टर्ड और टीसीपी प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन श्रीनिवास, रॉबिन पुष्प एवं अजय में हुआ, जिसमें शहर के उभरते युवाओं के साथ एक सार्थक बिलासपुर आयोजित किया गया। महापौर पूजा विधानी का स्वागत रुखसाना ख़ान, रश्मि श्रीवास्तव, रश्मि पटेरिया ने किया। वहां मौजूद लोगों ने प्रोजेक्ट को काफी सराहा और अपने सपनों को पूरा करने जानकारी ली।



## खबर संक्षेप

### 3 साल से गायब लड़की को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**बिलासपुर।** जिले से गायब हो चुकी लड़कियों को बरामद करने में पचपेड़ी पुलिस ने सफलता पाई है। पुलिस ने अभियान चलाकर 3 प्रकरणों को सुलझा लिया है। खास बात यह है कि एक प्रकरण करीब 3 साल पुराना है, जिसमें लड़की को आरोपी से छुड़वाकर परिजनों के हवाले किया गया है। महिला संबंधी अपराध में पुलिस की सक्रियता बढ़ रही है, पुलिस द्वारा पुराने से पुराने केस में भी नाबालिग लड़कियों को बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार अपराध क्रमांक 58/2022 में धारा 363 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए पीड़ित लड़की को महाराष्ट्र से खोज निकाला गया है। इस मामले में पुलिस ने 3 साल पुरानी एफआईआर पर कार्रवाई की है। इसी तरह अपराध क्रमांक 262/2024 व 411/2024 में भी गुम हो चुकी लड़की को पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद किया है।

### तीन घंटे के अंदर पकड़ा गया लूटपाट का आरोपी



**बिलासपुर।** महिला यात्री से मोबाइल और पर्स की लूटपाट व अन्य यात्रियों के सामान चोरी करने वाले आरोपी को जीआरपी की टीम ने तीन घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक रेल श्वेता श्रीवास्तव के निर्देश पर जीआरपी बिलासपुर की टीम स्टेशन प्लेटफार्म और ट्रेनों में अपराधिक गतिविधियों को रोकने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। इस पेट्रोलिंग के दौरान जीआरपी को एक महिला यात्री से लूटपाट और सामान चोरी होने की सूचना मिली। महिला यात्री टाटा-इतवारी एक्सप्रेस में खरसिया से सफर कर रही थी। प्लेटफार्म नम्बर तीन पर ट्रेन के रूकने के बाद वह महिला स्टेशन में उतर गई। इस दौरान एक युवक रेल पटरी पार करते हुए महिला के पास आया और उसके पास रखा मोबाइल और बैग लूटने के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। विरोध करने पर उसने महिला के साथ मारपीट करते हुए गालियां दी। महिला के चिल्लाने पर वहां दूसरे यात्री पहुंच गए, जिसे देखकर वह भाग गया। सूचना पर जीआरपी की टीम ने आरोपी के खिलाफ धारा 74, 309(5), 115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर तलाश शुरु कर दी। मुखबिर की सूचना पर आरोपी अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा निवासी व्यास कुमार प्रजापति पिता अशोक कुमार प्रजापति 21 साल को तीन घंटे के अंदर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी के जुर्म स्वीकार करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।

**कोई भी नहीं कर रहा दावा** — बैंकों में लंबे समय से राशि पड़ी है जिसमें 2 से लेकर 10 सालों तक कोई लेन देन नहीं हुआ

# जिले में एक लाख 64 हजार बैंक खाते इनएक्टिव, इसमें 70 करोड़ की राशि 10 सालों से पड़ी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में 17 लाख से ज्यादा ऐसे बैंक खाते मिले हैं, जिनमें पिछले 2 से लेकर 10 सालों तक कोई लेन-देन नहीं हुआ है। इन खातों में 700 करोड़ से अधिक की राशि जमा हैं। सिर्फ बिलासपुर जिले में ही एक लाख 63 हजार से बैंक खाते इनएक्टिव हैं और इनमें 70 करोड़ की राशि जाम है।

रायपुर में दो लाख 57 हजार खातों में 120 करोड़ की राशि लंबे समय से पड़ी है जिसमें ना कोई लेन देन हुआ है और ना ही किसी ने दावा किया है। अब भारतीय रिजर्व बैंक ने अक्टूबर से दिसंबर 2025 तक पूरे देश में एक खास अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत बंद या निष्क्रिय बैंक खातों में पड़ी रकम को वापस लौटाया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलने के साथ ही खाताधारक बैंक पहुंच कर खातों की जानकारी ले रहे हैं। बैंकों द्वारा इसके लिए शिविर भी लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि अगर किसी खाते में दो साल तक कोई लेन-देन नहीं होता, तो वो खाता इनएक्टिव या डॉर्मेंट मान लिया जाता है। हालांकि, इसका मतलब ये नहीं कि इस पैसे पर दावा खत्म हो जाता है। खाताधारक कभी भी उस रकम पर दावा कर सकते हैं। लेकिन, अगर यह राशि पिछले 10 सालों से बैंक खातों में जमा है तो यह आरबीआई इसे अपने अधिकार क्षेत्र में ले सकता है। यह रकम जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता (डीईए) फंड में ट्रांसफर कर दी जाती है। बैंक अधिकारियों के मुताबिक डीईए फंड, आरबीआई की एक योजना है, जिसका मकसद निष्क्रिय यानी इनएक्टिव पड़े खातों से मिली रकम का इस्तेमाल जमाकर्ताओं के बीच शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए करना है।

- प्रदेश में 17 लाख से ज्यादा बैंक खाते मिले हैं, जिनमें 700 करोड़ से अधिक की राशि जमा




### जिलों में जमा राशि

| जिला | बैंक खाते | जमा राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|
| बिलासपुर | 163871 | 68.52 |
| रायपुर | 257063 | 120.24 |
| दुर्ग | 172274 | 65.59 |
| कोरबा | 99301 | 46.17 |
| रायगढ़ | 80164 | 37.54 |
| सरगुजा | 84488 | 29.24 |
| बस्तर | 63995 | 39.59 |
| जांजगीर चांपा | 65508 | 23.04 |

### इस कारण से खाते हुए निष्क्रिय

- 2 वर्ष तक खातों में लेन-देन नहीं करना
- समय पर केवाईसी अपटेड नहीं कराना- ज्वाइंट अकाउंट होने पर किसी एक व्यक्ति की मृत्यु होने पर
- सरकारी योजनाओं के अंतर्गत खुले बैंक खातों में लेन-देन नहीं होना
- दस्तावेजों के अभाव में डीबीटी व अन्य सरकारी योजनाओं की राशि लंबित रहना

### केवाईसी के लिए यह जरूरी

- बैंक खाता
- आधार कार्ड
- पैन कार्ड
- फोटो पहचानपत्र
- मृत व्यति का मृत्यू प्रमाण पत्र
- नॉमिनी हो तो उनका दस्तावेज
- बैंक स्टेटमेंट हो तो उसकी कापी

### रकम वापसी के लिए अभियान

अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विशेष अभियान के तहत बैंकों को रकम वापसी के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, जिसके बाद बैंकों ने खाताधारकों से अपील की है कि वे अपनी केवाईसी अपडेट कराते हुए खातों को फिर से चालू करवाएं और जमा राशि की वापसी की प्रक्रिया का पालन कराएं। बैंकों के मुताबिक अप्राप्त जमा राशियों की जानकारी बैंकों की आधिकारिक वेबसाइट के साथ ही आरबीआई के उद्गम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है। इधर राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी ने वित्त विभाग के माध्यम से बैंकों में जिला कलेक्टरों और सहकारी समितियों से अपील की है कि वे निष्क्रिय खातों को फिर से संचालित करने व रकम वापसी को लेकर सहयोग करें।

### केवायसी अपडेट करना चाहिए

12 महीनों में किसी खाते में लेन-देन नहीं होने पर निष्क्रिय व 24 महीने से लेन-देन न्हीं होने पर बैंक खाता डारमेंट हो जाता है। आम लोगों को अपना केवायसी अपडेट कराते हुए बैंकों में लेन-देन जारी रखना बाहिर। निष्क्रिय बैंक खातों वो सचालन के लिए बैंकों को भी जागरुक करना चाहिए।

**- ललित अग्रवाल,** समन्वयक बैंकर्स क्लब

17 अक्टूबर से बंद था लोकल ट्रेन में लगा कैमरा, मालगाड़ी से टक्कर की चल रही है जांच

# कोच से निकाले गए बंद कैमरे की जांच करने टीम आएगी प्रयागराज से आज






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मालगाड़ी से टक्कर होने के बाद जिस लोकल ट्रेन के क्षतिग्रस्त ब्रेक यान और इंजन से कैमरा निकाला गया था, वह कैमरा पिछले माह 17 अक्टूबर से बंद पड़ा हुआ है। इसकी जांच करने के लिए सीआरएस के बजाय प्रयागराज से टीम सारनाथ से रवाना हो गई है, जो शनिवार की सुबह बिलासपुर डिवीजन में पहुंच जाएगी।

मंगलवार 4 नवंबर को गतौरा से बिलासपुर के बीच लालखदान चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे बनी चार रेल लाइन में से अप लाइन में खड़ी मालगाड़ी से कोरबा-बिलासपुर लोकल टकरा गई थी। इस ट्रेन में लोकल ट्रेन का चालक विद्यासागर और असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज थे, जो ट्रेन को चला रहे थे। मालगाड़ी से जबरदस्त टक्कर होने के कारण मौके पर चालक विद्यासागर की मौत हो गई और असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल रश्मि राज का उपचार अपोलो हास्पिटल में किया जा रहा है, जिसकी हालत में अब तक कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेल मंत्रालय के आदेश पर दक्षिण पूर्व सर्किल के रेल सुरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा ने दूसरे दिन बुधवार की सुबह बिलासपुर डिवीजन पहुंचकर अपनी जांच शुरु कर दी थी। इस दौरान पहले दिन के जांच में गतौरा से लालखदान के बीच रेल लाइन और सिग्नल को चेक किया। इसके बाद सीआरएस ने घटना में क्षतिग्रस्त हुए कोच की भी जांच की, जिसमें वाइस रिकार्डिंग, स्पीडो मीटर और स्टेशन मास्टर की डायरी और दूसरे दिन कैबरा, डीबीआर व अन्य उपकरणों को जब्त कर सील कराया गया।

सीआरएस दो दिन यानि गुरुवार की सुबह से घटना से जुड़े सभी विभागों के अफसरों और स्टाफ से पूछताछ कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई भी पुख्ता जानकारी रेलवे की ओर से नहीं मिल सकी है। वहीं कोच से जो कैमरे को जब्त किया गया है।




### घायलों का हाल जानने अपोलो पहुंचे सीनियर डीसीएम

मालगाड़ी से कोरबा बिलासपुर लोकल मेमू की जबरदस्त टक्कर में 11 यात्रियों की मौत हो गई और 20 से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें से असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राह सहित कई की हालत काफी गंभीर है। सभी घायल यात्रियों का उपचार सिम्स, जिला अस्पताल, अपोलो में चल रहा है। इन सभी से मिलने के लिए बिलासपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने सभी से उनका हाल पूछने के साथ डॉक्टरों से भी चर्चा की।

### कोल कंपनी ने लोको पायलट की बेटियों की शिक्षा और विवाह का जिम्मा लिया

बिलासपुर रेल हादसे में मृत लोको पायलट विद्यासागर कुशवाहा की तीनों बेटियों की शिक्षा एवं विवाह का जिम्मा क्लीन कोल इन्टरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी ने उठाने की घोषणा की है। कम्पनी के संचालक संजय अग्रवाल ने इस आशय का लिखित पत्र जिला कलेक्टर एवं डीआरएम रेल्वे बिलासपुर को सौंपा है। यही नहीं कम्पनी ने हादसे में मृत लोगों के बच्चों की संपूर्ण शिक्षा में सहयोग करने का भी वचन दिया है।

### इमरजेंसी ब्रेक में ट्रेन रुकी 240 मीटर के आगे

घटना के बाद शुक्रवार की शाम 6 बजे रायपुर से बिलासपुर के बीच चलने वाली लोकल ट्रेन बिलासपुर स्टेशन में पहुंची थी। इस ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने के बाद मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित इंजीनियरिंग और अन्य विभाग के अफसर उसमें सवार होकर सीधे गतौरा पहुंच गए। बिलासपुर से गतौरा स्टेशन के बीच खाली लोकल ट्रेन में जाने के दौरान लाइन पर लगाए गए आटोमैटिक सिग्नल को चेक किया गया। गतौरा से बिलासपुर वापसी में लोकल ट्रेन की स्पीड को 75 किलोमीटर प्रति रफ्तार के बीच रखकर इमरजेंसी ब्रेक लगाकर देखा गया, ताकि ब्रेक लगाने के उपरांत ट्रेन 100 मीटर के अंदर रूक सके। यह सिस्टम पूरी तरह से फेल हो गया। इमरजेंसी ब्रेक लगाने के उपरांत लोकल ट्रेन 200 मीटर, 230-240 मीटर के आगे जाकर खड़ी हुई। यह ट्रायल दोनों स्टेशन के बीच दो बार किया गया। इसके बाद दोबारा ट्रायल शनिवार की सुबह भी करने का निर्णय लिया गया है।

### महिला चालक की हालत खराब

रेलवे अफसरों के अनुसार घटना से जुड़े मामलों में रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा की जांच शुरु हो गई है, जिन्होंने अब तक इलेक्ट्रिकल ओपी, आपरेटिंग, एसएंडटी, इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, कोचिंग डिपो, इलेक्ट्रिकल, मेडिकल सहित अन्य विभाग के अधिकारी व स्टाफ से पूछताछ की है। करीब 29 लोगों से दस्तावेज के साथ दो दिन से चली पूछताछ शुक्रवार की शाम तक समाप्त हो गई है। अब पूरी निगाहें ट्रेन की महिला असिस्टेंट पायलट पर टिकी है। सूत्रों का कहना है कि अपोलो में भर्ती महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज के पास पूछताछ करने के लिए अफसर गए थे, लेकिन वह बेसुध पड़ी थी। इस दौरान महिला ने अपने केयर टेकर को पहले बताया था कि उसने डबल पिलर के साथ दो यलो सिग्नल देखने के उपरांत ही मृत चालक को ट्रेन आगे बढ़ाने कहा था। फिलहाल केयर टेकर की बात को अफसर नहीं मान रहे हैं।



घटनास्थल पर पड़ी लाश का मुआयना करती पुलिस।

# अधजली लाश मिलने से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा सब्जी मंडी के पास शुक्रवार को अधजली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने झाड़ियों के पास धुआं उठता देखा, पास जाने पर लोगों को लाश की जलने की बदबू आई, जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। सूचना पर सिरगिट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। लाश किसी युवक की है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अज्ञात आरोपियों ने पहले युवक को मौत के घाट उतारा उसके बाद पहचान छिपाने के लिए लाश को आग के हवाले कर दिया है।

- तिफरा सब्जी मंडी के पास मिली है लाश

तिफरा सब्जी मंडी के पास शुक्रवार की सुबह उस समय लोगों की भीड़ जमा हो गई जब झाड़ियों के पास आग व धुंआ उठता रहा, झाड़ियों के बीच एक व्यक्ति की लाश को अज्ञात लोगों ने जला दिया गया था। युवक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस के अनुसार लाश 25 से 35 वर्ष के आयु के व्यक्ति की है। पुलिस को शुरुआती जांच के दौरान मौके पर जले हुए कपड़े, आग लगाने का सामान और अन्य सामान जब्त की गई है। पुलिस ने मौके से जब्त सामानों को फारेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मान रही है कि हत्या के बाद अज्ञात लोगों ने पहचान छिपाने के लिए लाश को आग लगाया है। घटना गुरूवार रात की बताई जा रही है। सुबह सवेरे सड़क पर चहल कदमी होने पर पुलिस को सूचना मिली है।

### इंदिरा सेतु के नीचे मिली चुकी है लाश

खास बात यह है कि कुछ दिन पहले ही इंदिरा सेतु पुल के पास भी एक अधजली लाश मिली थी। लगातार ऐसी घटनाओं से शहर में दहशत का माहौल है। लोग अब कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार जल्द ही मामला सुलझा लिया जाएगा।

### कपड़े जल चुके हैं चेहरा पहचान में नहीं

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लाश का चेहरा पूरी तरह से झुलस गया है। वहीं शरीर पर पहने कपड़े भी आग में स्वाहा हो चुके हैं। ऐसे में लाश की पहचान मुश्किल है, हालांकि शरीर में हाथ व पैर अधजले हैं, जिससे बर्थ मार्क और अन्य पहचान से पुलिस लाश की पहचान कराने की बात कह रही है। हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने आसपास के थानों से गुम इंसान की रिपोर्ट मंगाई है।

### जांच जारी है

पंचनाम कर शव को कब्जे में लिया गया है। अभी कुछ भी पता नहीं चल सका है। आगे की जांच जारी है।

**-किशोर केंवट**
टीआई, सिरगिट्टी

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक ने लड़की को झांसा देने के लिए पहले मोबाइल गिफ्ट किया, वहीं बातचीत बंद होने पर घर पर आकर गाली गलौज करने लगा। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 12 घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 6 नवंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बहतराई का रहने वाला पंकज देवांगन का मोहल्ले में आना जाना था। इस दौरान बातचीत करने लगा एवं बातचीत करने लिए नाबालिग लड़की को मोबाईल दे दिया। इस दौरान नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाकर पत्नी बनाने का झांसा दिया और जबरन शारीरिक संबंध बनाया। लड़की ने कुछ दिन में बातचीत बंद कर दिया। आरोपी पंकज ने 5 नवंबर की रात 8 लड़की के घर पहुंच कर जबरन बातचीत करने का दबाव बनाने लगा। इस दौरान आरोपी ने अश्लील गाली गलौच की और मौके से भाग निकला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले में विवेचना शुरू की। थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक प्रदीप आर्या के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी पंकज देवांगन पिता परमेश्वर देवांगन उम्र 24 वर्ष निवासी बहतराई को 12 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### अनाचार का आरोपी गिरफ्तार

नाबालिग से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने के मामले में सीपत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को पकड़ लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामले के अनुसार पीड़िता ने 7अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी सूरज कुमार सूर्यवंशी द्वारा जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया गया है। पुलिस ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस की भनक लगते ही आरोपी अपने घर से फरार हो गया था, पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, आरोपी गृह ग्राम मटियारी में घूम रहा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसने अपना जुर्म कबूल लिया है। आरोपी सूरज कुमार सूर्यवंशी पिता स्व बलदाउ प्रसाद सूर्यवंशी उम्र 23 साल निवासी ग्राम मटियारी को जेल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी नाबालिक से दुष्कर्म के एक अन्य मामले में जेल जा चुका है, जमानत पर छूटने पर फरार हो गया था। कोर्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए स्थाई वारंट जारी किया था।

### पोस्टर फाड़ने वालों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



**बिलासपुर।** कल्चुरी समाज के कार्यक्रम के बैनर पोस्टर फाड़ने के मामले में कोटा पुलिस ने 36 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। घटना 5 नवंबर की है। प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रेलवे स्टेशन के पास कुछ लोग कल्चुरी समाज के कार्यक्रम का बेनर पोस्टर लगा रहे थे। इस दौरान युवकों ने वाद–विवाद शुरू कर दिया और गाली–गलौज करते हुए शांति भंग करने लगे। शिकायत पर पुलिस ने कांति कुमार पिता कालिका प्रसाद प्रजापति, उम्र 29 वर्ष, अमर सिंह पिता देवी सिंह जट्ट, उम्र 29 वर्ष,गणेश पिता स्व. मोहन पुरी गोस्वामी, उम्र 32 वर्ष के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की है।

### बिजली खंबे को पहुंचाया नुकसान, कार चालक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए बिजली के खंबों को क्षतिग्रस्त करने वाले चालक के खिलाफ बिजली विभाग के जेई ने अपराध पंजीकृत कराया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के लगरा का है। टिकरापारा निवासी संदीप मानिकपुरी पिता स्व रामदास मानिकपुरी खतमराई में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। 6 नवंबर की रात 8 बजे कार क्रमांक सीजी 11 बीआर 7612 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए लगरा के आरटीओ कार्यालय के पास बिजली खंबे को तोड़ दिया है। इससे बिजली कंपनी को 25 हजार रूपए का नुकसान हो रहा है। जेई ने सरकंडा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है, पुलिस मामले में विवेचना कर रही है।





# तालाब में नहाने गई वृद्धा की डूबने से हुई मौत

**बिलासपुर।** रतनपुर क्षेत्र में तालाब में नहाने गई वृद्धा की पानी में डूबने से मौत हो गई। महिला काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनो ने तलाश शुरू की। तालाब में शव मिलने की खबर लगते ही पहुचे परिजनों ने शव की पहचान की है। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है।

रतनुपर के महामाया पारा निवासी फुलकुंवर पैकरा (76) शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे बेल्हा तालाब नहाने गई थी। दोपहर तक अपने घर नहीं लौटी। परिजन उसकी तालाश में निकले। पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने उसे तालाब की तरफ जाते देखना बताया। परिजन तलाश कर ही रहे थे तभी बेल्हा तालाब मे मिला शव की पहचान फुलकुंवर बाई के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर शव पंचनामा और शिनाख्ती की कार्रवाई के बाद उसे कब्जे में लिया।

पोस्टमार्टम के लिए शव कल परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।






जाड़ों में धूप सी नमी,
वूलन कलेक्शन का जवाब नहीं
सुमीत बाजार ™
WOOLEN & BLANKET Bazaar
स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट, विनशिटर, कार्डिगन, वुलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैण्ड ग्लब्स, टोपी, थर्मल वियर विन्टर वियर की आकर्षक रेंज
निश्चित खरीदारी पर पायें शानदार गिफ्ट
मिंक, सुपर सॉफ्ट, फ्लेनो, पोलर, फुसफुस ब्लांकेट की विशाल रेंज
Blankets Brands : MONTE CARLO | TITLIS The Way of Smart Living | Signature BLANKET | ARADHYA MINK BLANKET | | Allysa and many more...
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE - 89820 44000